त्यौहार | by Shital Chandak Sharma

कोयलया कु कु गाई, आई रुत मस्तानी आई
चहुँ दिशाओ से ये पुरवाई, श्याम संदेसा लाई
खाटू वाले ने सबको बुलाया है
फागण का प्यारा त्यौहार आया है

श्याम प्रेमी की टोली आई है
उनकी तो होली आई है
रंगो की क्या बात करना है
जहाँ देखो रंगोली छाई है
श्याम दीवानो का चाव सवाया है
फागण का प्यारा त्यौहार आया है

बाबा ने मेला लगाया है
सबको निमंत्रण भिजवाया है
खाटू की गलियों को बाबा ने
स्वर्ग से सुन्दर सजाया है
देखो जिधर ही उधर आनंद छाया है
फागण का प्यारा त्यौहार आया है

हम मिलकर खाटू जाएंगे
हम भी निशान चढ़ाएंगे
चंग की थाप पे हम सब भी
झूमेंगे नाचेंगे गाएंगे
गोलू होकर के तैयार आया है
फागण का प्यारा त्यौहार आया है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a5%8c%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-shital-chandak-sharma/